# कार्यालय :— वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।

**BLOCK-A, VAN BHAWAN, PURULIA ROAD, CHAS, BOKARO-827013**

*E-mail : dfo-bokaro@gov.in & bokarodfo@gmail.com* *Phone/Fax No : +91-6542-265142*


पत्रांक :— 440 दिनांक :— 16/02/23

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

**विषय :—** **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग—NH-23 & 320B भारतमाला परियोजना (जैनामोड़—गोला—ओरमांझी खण्ड) निर्माण हेतु कुल—99.7862 हे0 (बोकारो वन प्रमण्डल अन्तर्गत 66.5436 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :— प्रधान मुख्य वन सरक्षक—सह—कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, राँची का पत्रांक—94 दिनांक—02.02.2023 एवं भवदीय का कार्यालय ज्ञापांक—110 दिनांक—03.02.2023

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि विषयगत परियोजना के समीक्षा के क्रम में कुल—5 बिन्दुओं पर अनुपालन प्रतिवेदन की मांग की गई है। परियोजना निदेशक, NHAI, धनबाद के पत्रांक—1398 दिनांक—09.02.2023 द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन कुल—4 बिन्दुओं पर समर्पित किया गया है। कुल—5 बिन्दुओं का अनुपालन प्रतिवेदन निम्नवत् है :—

| क्र0 सं0 | बिन्दुओं की विवरणी | प्रयोक्ता अभिकरण का अनुपालन प्रतिवेदन | व0प्र0पदा0 का टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | बोकारो वन प्रमंडल में कुल 59.6084 हे0 जंगल—झाड़ उपयोग हेतु उपायुक्त, बोकारो के पत्रांक 2709/(रा) दिनांक 10.10.2022 द्वारा आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग को अग्रसारित किया गया है परन्तु आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं है। | आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग के द्वारा उनके ज्ञापांक सं0—39(घ)—01/2023 233/रा0 हजारीबाग, दिनांक 09.02.2023 से बोकारो वन प्रमंडल में कुल 59.6084 हे0 जंगल—झाड़ हेतु अनापत्ति पत्र निर्गत किया गया है (प्रति संलग्न)। | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग के द्वारा निर्गत 59.6084 हे0 जंगल—झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण—पत्र समर्पित किया गया है, जो **अनु0—1** के रूप में संलग्न है। |
| 2 | उपायुक्त, रामगढ़ के पत्रांक 1439/क0, 1440/क0 दिनांक 22.10.2022 एवं पत्रांक 1447/क0 दिनांक 28.10.2022 द्वारा निर्गत FRA प्रमाण—पत्र प्राप्त है साथ ही इस क्रम में आमसभा/ग्रामसभा की बैठक की कार्रवाई की प्रति संलग्न है। परन्तु, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में 28.9869 हे0 वन भूमि हेतु FRA प्रमाण पत्र निर्गत नहीं है। | अनुपालन प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी को पत्रांक सं0 1399 दिनांक 09.02.2023 से समर्पित किया गया है। | इस कार्यालय से संबंधित नहीं है। |

| क्र0 सं0 | बिन्दुओं की विवरणी | प्रयोक्ता अभिकरण का अनुपालन प्रतिवेदन | व0प्र0पदा0 का टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 3 | उपायुक्त, बोकारो से FRA प्रमाण पत्र अभी प्राप्त नहीं है इस हेतु प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा बचनबद्धता दी गयी है। | उपायुक्त, बोकारो से FRA प्रमाण पत्र प्रक्रिया में है जिस कारण बचनबद्धता दी गयी है। FRA प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही विभाग को समर्पित किया जाएगा। | बोकारो वन प्रमण्डल का FRA अनापत्ति पत्र प्राप्त नहीं है। |
| 4 | भारत सरकार, द्वारा निर्धारित प्रपत्र Part-II में वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो द्वारा अभियुक्ति दर्ज करते हुए प्रतिहस्ताक्षरित कर Website अपलोड नहीं किया गया है। | Not pertain to this office. | भारत सरकार, द्वारा निर्धारित प्रपत्र Part-II में वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो द्वारा अभियुक्ति दर्ज करते हुए प्रतिहस्ताक्षरित कर Additional Documents के रूप में Website पर अपलोड कर दिया गया है। |
| 5 | प्रयाक्ता अभिकरण द्वारा मात्र वनभूमि का ही KML file अपलोड़ किया गया है। गैर–वनभूमि का KML file अपलोड नहीं किया गया है जबकि इस परियोजना हेतु प्रस्तावित संपूर्ण वनभूमि एवं गैर–वन भूमि का KML file अपलोड किया जाना आवश्यक है। | वन भूमि एवं गैर–वन भूमि हेतु KML file पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा KML File CD में समर्पित किया गया है, जो **अनु0–2** के रूप में संलग्न है। |

प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित प्रतिवेदन कुल–7 प्रतियों में संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

आपका विश्वासी,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
बोकारो वन प्रमण्डल, बोकारो।
16/2/2023

D:\Office\D.F.O.Office Bokaro\F.C.Act\Satender Sir\Misc.docx